Postal Reg. No.GDP -45/2020-2022

अल्लाह तआला का आदेश

وَاِمَّا يَنْزَغَنَّكَ مِنَ الشَّيْطٰنِ نَزْغٌ فَاسْتَعِذْ بِاللّٰهِ ؕ اِنَّهٗ سَمِيْعٌ عَلِيْمٌ ○

(ऐराफ़ : 201)

(अनुवाद) और अगर तुझे शैतान की तरफ़ से कोई वस्वसा पहुंचे तो अल्लाह की पनाह मांग। निसंदेह वह बहुत सुनने वाला (और) दाइमी इलम रखने वाला है।

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ نَحۡمَدُہٗ وَنُصَلِّیۡ عَلٰی رَسُوۡلِہِ الۡکَرِیۡمِ وَعَلٰی عَبۡدِہِ الۡمَسِیۡحِ الۡمَوۡعُوۡدِ

وَلَقَدۡ نَصَرَکُمُ اللّٰہُ بِبَدۡرٍ وَّاَنۡتُمۡ اَذِلَّۃٌ

वर्ष- 7
अंक- 49

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

Weekly BADAR Qadian HINDI

मूल्य 600 रुपए वार्षिक

संपादक शेख़ मुजाहिद अहमद

उप संपादक सय्यद मुहियुद्दीन फ़रीद

13 जमादिउल अव्वल 1444 हिज्री कमरी, 08 फ़तह 1401 हिज्री शम्सी, 08 दिसम्बर 2022 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बिनस्रिहिल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दो लिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण आप पर अपना फ़जल नाज़िल करता रहे। आमीन

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की वाणी

सदक़ा देने, सिला रहमी करना और माल ख़र्च करने की फ़ज़ीलत

(1436) हज़रत हकीम बिन हिज़ाम रज़ियल्लाहु अन्हो से रिवायत है कि : मैं ने कहा हे रसूलुल्लाह आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को वे बातें मालूम ही हैं जिनके द्वारा से मैं जाहिलियत में गुनाह का अज़ाला किया करता था। अर्थात सदक़ा देना या ग़ुलाम आज़ाद करना या सिला रहमी करना। क्या उनमें भी कोई सवाब होगा? नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया : तुम इस्लाम में उन्ही नेकियों की वजह से तो दाख़िल हुए हो जो पहले हुई थीं।

(1443) हज़रत अबू हुरैरा रज़ियल्लाहु अन्हो से रिवायत है कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया : बख़ील और ख़र्च करने वाले की मिसाल उन दो व्यक्तियों की सी है जिन्हों ने दो लोहे के जुब्बे छातियों से हँसलियों तक पहने हुए हों और जो ख़र्च करने वाला होता है जूँ-जूँ ख़र्च करता जाता है वह जुब्बा उसके बदन पर फैलता जाता है या (फ़रमाया :) इतना लंबा हो जाता है कि उसकी उंगलियों को छुपा लेता है और उसके पांव का निशान मिटाता है और बख़ील जो है तो वह जिस वक़्त भी ख़र्च करना नहीं चाहता तो हर हलक़ा अपनी अपनी जगह पर चिमट कर रह जाता है। वह उसे कुशादा करना चाहता है परन्तु वह कुशादा नहीं होता।

(बुख़ारी, भाग 3 किताब अल् ज़कात, प्रकाशन 2008 क़ादियान)

★ ★ ★

हिदायत और तर्बीयत हक़ीक़ी ख़ुदा का कार्य है

मेरे नज़दीक बच्चों को यूं मारना शिर्क में दाख़िल है

मानो बदमिज़ाज मारने वाला हिदायत और रबूबियत में स्वयं हिस्सेदार बनाना चाहता है

मैं प्रतिबद्ध रूप से अपने नफ़्स के लिए, फिर अपने घर के लोगों के लिए फिर अपने बच्चों के लिए, फिर अपने मुख़लिस दोस्तों के लिए और फिर उन सब के लिए जो इस सिलसिला से जुड़े हैं दुआएं करता हूँ

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम का उपदेश

बच्चों को मारना शिर्क में दाख़िल है

एक मर्तबा एक दोस्त ने अपने बच्चे को मारा। आप इस से बहुत मुतास्सिर हुए और उन्हें बुला कर बड़ी दर्द अंगेज़ तक़रीर फ़रमाई और फ़रमाया

"मेरे नज़दीक बच्चों को यूं मारना शिर्क में दाख़िल है। मानो बदमिज़ाज मारने वाला हिदायत और रबूबियत में अपने तईं हिस्सादार बनाना चाहता है। एक जोश वाला आदमी जब किसी बात पर सज़ा देता है तो गुस्से में बढ़ते-बढ़ते एक दुश्मन का रंग इख़तेयार कर लेता है और जुर्म की हद से सज़ा में कोसों तजावुज़ कर जाता है। अगर कोई शख़्स ख़ुद्दार और अपने नफ़्स की बाग को क़ाबू में रखने वाला हो और पूरा मुतहम्मिल और बुर्दबार और बासुकून और बावक़ार हो तो उसे जबकि हक़ पहुंचता है कि किसी मुनासिब वक़्त पर किसी हद तक बच्चे को सज़ा दे या चशमानुमाई करे परन्तु गुस्से वाला और ना-समझ और तैश उल-अकल कदापि सज़ावार नहीं कि बच्चों की तर्बीयत का ज़िम्मेदार हो। जिस तरह और जिस क़दर सज़ा देने में कोशिश की जाती है, काश दुआ में लग जाएं और बच्चों के लिए सोज़-ए-दिल से दुआ करने को एक जाप ठहरा लें। इस लिए कि मातापिता की दुआ को बच्चों के हक़ में विशेष क़बूल बख़्शा गया है।

हुज़ूर की कुछ दुआएं

फ़रमाया : मैं इल्तिज़ामन कुछ दुआएं हर-रोज़ मांगा करता हूँ। प्रथम अपने नफ़्स के लिए दुआ मांगता हूँ कि ख़ुदावंद करीम मुझ से वह काम ले जिससे उसकी इज़्ज़त और जलाल ज़ाहिर हो और अपनी रज़्ज़ाक़ी की पूरी तौफ़ीक़ अता फ़रमाए।

द्वितीय फिर अपने घर के लोगों के लिए दुआ मांगता हूँ कि उनसे आँखों की ठंडक अता हो और अल्लाह तआला की प्रसन्नता के मार्ग पर चलें।

तृतीय फिर अपने बच्चों के लिए दुआ मांगता हूँ कि ये सब दीन के ख़ुद्दाम बने।

चार फिर अपने मुख़लिस दोस्तों के लिए नाम नाम के साथ।

पांच : और फिर इन सब के लिए जो इस सिलसिला से जुड़े हैं ख़ाह हम उन्हें जानते हैं या नहीं जानते।

तर्बीयत-ए-औलाद

फ़रमाया : "हराम है अहंकार की गद्दी पर बैठना और पीर बनना उस व्यक्ति को जो एक मिनट भी अपने आश्रित जनों से ग़ाफ़िल रहे। फ़रमाया : हिदायत और तर्बीयत हक़ीक़ी ख़ुदा का कार्य है। सख़्त पीछा करना और एक बात पुर इसरार को हद से गुज़ार देना अर्थात बात-बात पर बच्चों को रोकना और टोकना ये ज़ाहिर करता है कि गोया हम ही हिदायत के मालिक हैं और हम इस को

127वां जलसा सालाना क़ादियान
23, 24, और 25 दिसम्बर 2022 ई. के आयोजित होगा

सय्यदना हज़रत हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने 127वें जलसा सालाना क़ादियान के लिए 23,24,25 दिसंबर 2022 ई. (दिन शुक्रवार, शनिवार और रविवार) की तिथियों की मंज़ूरी प्रदान की है।

जमाअत के लोग अभी से दुआओं के साथ इस मुबारक जलसे में शामिल होने की नियत करके तैयार आरंभ करदें। अल्लाह तआला हम सबको इस अल्लाह की खातिर आयोजित होने वाले इस जलसे से लाभान्वित होने की तौफ़ीक़ अता फ़रमाए और सईद रूहों के लिए हिदायत का माध्यम बनाए। इस जलसे के हर प्रकार से सफ़ल होने के लिए दुआएं करते रहें। आमीन॥

(नाज़िर इस्लाह वा इरशाद क़ादियान)

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

इस्लाम और सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के मुख़ालिफ़ अलेक्जेंडर डोवी के शहर ज़ायन (zion) से शुरू होने वाली

हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ की ग़ैरमामूली अहमयित और बरकतों की हामिल ऐतिहासिक अमरीका की यात्रा

सितंबर, अक्तूबर 2022 ई. (भाग-4)

30 सितंबर 2022 ई. (शुक्रवार के दिन)

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने सुबह 5 बजकर 50 मिनट पर मस्जिद फ़तह अज़ीम में तशरीफ़ ला कर नमाज़-ए-फ़ज्र पढ़ाई। नमाज़ की अदायगी के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ अपनी रिहायश गाह पर तशरीफ़ ले आए।

सुबह हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने दफ़्तरी डाक मुलाहिज़ा फ़रमाई और हिदायात से नवाज़ा, हुज़ूर अनवर की मुख़्तलिफ़ दफ़्तरी कार्यों को पूरा करने में व्यस्तता रही।

आज जुमअतुल मुबारक का दिन था। आज का यह दिन कई लिहाज़ से एक इतिहासिक दिन है जो हमेशा अहमदियत की तारीख़ में याद रखा जाएगा। आज हुज़ूर अनवर के ख़ुतबा जुमा के साथ डाक्टर अलेक्जेंडर डोवी के ज़ायन (zion) मे मस्जिद फ़तह अज़ीम का उद्घाटन हो रहा था। फिर ज़ायन की सरज़मीन से ख़लीफ़तुल मसीह का यह पहला ऐसा ख़ुतबा जुमा है जो एम. टी. ए इंटरनैशनल के ज़रीया सारी दुनिया में बराह-ए-रास्त लाईव नशर हो रहा था।

इससे पूर्व अमरीका के मशरिक़ी हिस्सा वाशिंगटन डी.सी, harrisburg और साउथ के इलाक़ा हेविसटन और मग़रिबी इलाक़ा लास अंजलीज़ से हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ के ख़ुतबात जुमा एम.टी. ए पर लाईव नशर हो चुके हैं।

डाक्टर डोई ने तो यह कहा था कि उसके अपने बसाए हुए शहर ज़ायन से इस्लाम की आवाज़ हमेशा के लिए दबा दी जाएगी। इस्लाम का कोई नाम-लेवा भी नहीं होगा।

आज अल्लाह-तआला के फ़ज़ल से हज़रत-ए-अक़दस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के ख़लीफ़ा की ज़बान से इलहाम "फ़तह अज़ीम" के जलवों में, न केवल डोई के इस शहर में इस्लाम की आवाज़ गूंज रही है बल्कि यहां से डोई के मुल्क अमरीका में भी यह आवाज़ गूंज रही है और सबसे बढ़ कर यह कि यह आवाज़ यहां से समस्त संसार में, सारी दुनिया में, सम्पूर्ण संसार मे, गाँव गाँव, शहर शहर सुनाई दे रही है। अतः आज इस शहर का चप्पा चप्पा और यहां के दिन रात का लम्हा लम्हा हज़रत-ए-अक़दस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की सदाक़त पर गवाही दे रहा है। سبحان اللہ وبحمدہ سبحان اللہ العظیم۔

नमाज़-ए-जुमआ में ज़ायन (zion) के इलावा अमरीका की मुख़्तलिफ़ दूसरी जमाअतों से लोग बड़े लंबे और तवील फ़ासले तै करके शामिल होने के लिए पहुंचे थे। शामिल होने वालों में एक बड़ी संख्या ऐसी थी जो एक हज़ार से अढ़ाई हज़ार मील तक का सफ़र तै करके आई थी। नमाज़-ए-जुमा में शामिल होने वालों की संख्या दो हज़ार से ज़ायद थी।

अमरीका के इलावा बर्तानिया, जर्मनी, स्वीडन, ब्राज़ील, गयाना, सरेनाम, पाकिस्तान, कबाबीर, कैनेडा से जमाअती नुमाइंदगान और दूसरे अहबाब इस मस्जिद के उद्घाटन में शमूलीयत के लिए पहुंचे थे।

प्रोग्राम के मताबिक 1 बजे हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ मस्जिद फ़तह अज़ीम तशरीफ़ लाए और ख़ुतबा जुमा इरशाद फ़रमाया। (इस ख़ुतबा जुमा का ख़ुलासा अख़बार बदर 6 अक्तूबर 2022 ई. शुमारा नंबर 40 में शाय हो चुका है और उसका मुकम्मल मतन इसी शुमारा में मुलाहिज़ा फ़रमाए :

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ का यह ख़ुतबा जुमा 1 बजकर 50 मिनट तक जारी रहा। इसके बाद हुज़ूर अनवर ने नमाज़-ए-जुमा के साथ नमाज़-ए-अस्र जमा कर के पढ़ाई। नमाज़ों की अदायगी के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ अपनी रिहायश गाह पर तशरीफ़ ले गए।

फ़ैमिली मुलाक़ातें और तास्सुरात

प्रोग्राम के मुताबिक़ 6 बजे हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ अपने दफ़्तर तशरीफ़ लाए और फ़ैमिली मुलाक़ातों का प्रोग्राम शुरू हुआ। आज शाम के इस सैशन में 32 फ़ैमिलीज़ के 156 अफ़राद ने अपने प्यारे आक़ा से मुलाक़ात का शरफ़ पाया। इन सभी फ़ैमिली ने हुज़ूर अनवर के साथ तस्वीर बनवाने की सआदत पाई। हुज़ूर अनवर ने अज़राह-ए-शफ़क़त तालीम हासिल करने वाले विद्यार्थियों को क़लम अता फ़रमाए और छोटी उम्र के बच्चों और बच्चियों को चॉकलेट अता फ़रमाएं।

मुलाक़ात करने वाली ये फ़ैमिलीज़ zion की मुक़ामी जमाअतों के इलावा निमंलिखित आठ जमाअतों और मुक़ामात से आई थीं। chicago
st. louis
detroit
oshk osh
milwaukee
miami
los angeles
bay point

शामिल हैं। miami से आने वाली फ़ैमिली 1404 मील, लास एंजलिस से आने वाली 2046 मील और bay point से आने वाली फ़ैमिलीज़ 2142 मील का सफ़र तै करके पहुंची थीं।

आज अक्सर अहबाब मर्द-ओ-महिलाओं की हुज़ूर अनवर के साथ पहली मुलाक़ात थी। उनके चेहरों पर एक ग़ैरमामूली ख़ुशी थी। प्रत्येक के अपने अपने जज़बात थे। मुलाक़ात करके बाहर निकलते तो एक दूसरे को ख़ुशी के आँसूओं के साथ मुबारकबाद देते। अल्लाह तआला उनके लिए यह ख़ुशीयां दाइमी बना दे और ये उन अत्यधिक मुबारक लमहात की हमेशा के लिए हिफ़ाज़त करने वाले हों।

* मुलाक़ात करने वालों में एक दोस्त शब्बीर अहमद साहिब शिकागो से आए थे कहने लगे कि आज हम किस क़दर ख़ुश-क़िस्मत हैं कि हमें हुज़ूर से मिलने का अवसर मिला है। प्रत्येक इन्सान को ये अवसर नसीब नहीं होता। हमें ये नेअमत और सआदत पाकिस्तान में अल्लाह की ख़ातिर ज़ुलम-ओ-सितम का सामना करने के बाद मिली है।

* एक दोस्त अदील अहमद साहिब डेट्रॉइट से आए थे कहने लगे मैं आज बहुत ख़ुश हूँ और ख़ुशनसीब भी हूँ कि मेरे बच्चों की ख़ुदा के चुने हुए ख़लीफ़ा से मुलाक़ात हुई।

* अंसर हसन साहिब लास से 2046 मील का सफ़र तै करके मुलाक़ात के लिए आए थे। मुलाक़ात के बाद उन्होंने बताया कि साल 2013 ई. में, मैंने एक ख़ाब देखा था कि मैं हुज़ूर अनवर से एक साहिली इलाक़े के क़रीब मिल रहा था। मैंने यह ख़ाब उस वक़्त देखा था जब मैं पाकिस्तान में था और मेरे अमरीका आने का कोई इमकान भी नहीं था। लेकिन अल्लाह तआला ने मुझे अमरीका तक पहुंचा दिया और अब एक साहिली इलाक़े के क़रीब ही मेरी हुज़ूर अनवर से मुलाक़ात हुई है। यह अल्लाह तआला का मुझ पर ऐसा फ़ज़ल है कि मैं जितना भी शुक्र अदा करूँ कम है।

* जमाअत शिकागो से मुलाक़ात के लिए आने वाले दोस्त विक़ास अहमद

शेष पृष्ठ 8 पर

ख़ुत्बः जुमअः

माली क़ुर्बानी करने वालों को अपनी रुहानी हालतों की तरफ़ भी नज़र रखने की बहुत ज़रूरत है तभी अल्लाह तआला के इनामों के हक़ीक़ी वारिस ठहरेंगे

तहरीक-ए-जदीद के 88 वर्ष के कामयाब और बाबरकत अंत और 89 वर्ष के आरम्भ का ऐलान

अल्लाह के फ़ज़्ल से तहरीक-ए-जदीद के माली निज़ाम में जमाअत को 16.4 मिलियन पाऊंडज़ की माली क़ुर्बानी की तौफ़ीक़ मिली जो पिछले साल से ग्यारह लाख पाऊंडज़ ज़्यादा है

अल्लाह तआला ने यह वाज़िह फ़रमाया कि दीन की ख़ातिर तुम जो क़ुर्बानियां करते हो, अपना माल ख़र्च करते हो अल्लाह तआला उस के बदले में इस दुनिया में भी और आख़िरत में भी इनामात से नवाज़ता है, अल्लाह तआला क़र्ज़ नहीं रखता

आज दीनी अग़राज़ की तकमील के लिए अल्लाह तआला ने आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के गुलाम-ए-सादिक़ को भेजा है और आप द्वारा आज दुनिया में तब्लीग़-ए-इस्लाम और ख़िदमत इन्सानियत का काम हो रहा है

अल्लाह तआला के फ़ज़्ल से दुनिया में तक़रीबन हर जगह लजना अपनी संख्या के लिहाज़ से अपना हिस्सा चंदों में अदा करती है और किसी से पीछे नहीं है

अल्लाह तआला न अमीरों से उधार रखता है न ग़रीबों से, हर एक को उस के मुताबिक़ नवाज़ता है

इस वर्ष भी जमाअत जर्मनी दुनिया-भर की जमाअतों में अव्वल नंबर पर है

मुख़्तलिफ़ देशों से ताल्लुक़ रखने वाले मुख़लिस अहमदियों की माली क़ुर्बानियों के ईमान अफ़रोज़ वाक़ियात का वर्णन

विभाग तारीख़-ए-अहमदियत जमाअत यू.के की वेब साइट (www. history. ahmadiyya. uk) का आरम्भ

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 04 नवम्बर 2022 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक इस्लामाबाद सिर्रे (यू.के)

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَ رَسُوْلُهٗ۔
أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔
اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَا الضَّآلِّيْنَ

आज नवंबर का पहला जुमा है और हसब-ए-तरीक़ नवंबर के पहले जुमा में तहरीक-ए-जदीद के नए साल का ऐलान किया जाता है और पिछले वर्ष में जो अल्लाह तआला ने अपने फ़ज़्लों की बारिश बरसाई है उसका वर्णन किया जाता है। अतः इस हवाले से आज मैं कुछ कहूँगा। सबसे पहली बात तो यह याद रखनी चाहिए कि हर काम को चलाने के लिए, उसके अख़राजात पूरे करने के लिए माल की ज़रूरत होती है। इस बात की वज़ाहत करते हुए एक अवसर पर हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया कि हर नबी ने अपने उद्देश्य की पूर्ति के लिए माल की तहरीक की। (उद्धरित भाग 1पृष्ठ 233 ऐडीशन 1984 ई.) और कुरान-ए-करीम में भी मुख़्तलिफ़ ज़ाविर्यों और पैरायो में मोमिनों को माल की क़ुर्बानी की तरफ़ तवज्जा दिलाई गई है।

अल्लाह तआला ने यह स्पष्ट फ़रमाया कि दीन की ख़ातिर तुम जो क़ुर्बानियां करते हो, अपना माल ख़र्च करते हो अल्लाह तआला उसके बदले में इस दुनिया में भी और आख़िरत में भी इनामात से नवाज़ता है। अल्लाह तआला क़र्ज़ नहीं रखता।

उदाहरणतः एक जगह अल्लाह तआला ने इस बारे में कि वह किस तरह नवाज़ता है, किस क़दर नवाज़ता है फ़रमाया कि

مَثَلُ الَّذِيْنَ يُنْفِقُوْنَ اَمْوَالَهُمْ فِيْ سَبِيْلِ اللّٰهِ كَمَثَلِ حَبَّةٍ اَنْۢبَتَتْ سَبْعَ سَنَابِلَ فِيْ كُلِّ سُنْۢبُلَةٍ مِّائَةُ حَبَّةٍ ۗ وَاللّٰهُ يُضٰعِفُ لِمَنْ يَّشَآءُ ۗ وَاللّٰهُ وَاسِعٌ عَلِيْمٌ

(अल्-बक़रा : 262) अर्थात उन लोगों की मिसाल जो अपने माल अल्लाह की राह में ख़र्च करते हैं ऐसे बीज की तरह है जो सात आलियां उगाता है। हर बाली में सौ दाने हूँ और अल्लाह जिसे चाहे (इस से भी) बढ़ा कर देता है और अल्लाह वुसअत अता करने वाला (और) दाइमी इलम रखने वाला है।

अतः यह है मिसाल अल्लाह तआला की राह में ख़र्च करने वाले मोमिनों की कि जो ख़ालिस हो कर अल्लाह तआला की राह में ख़र्च करते हैं अल्लाह तआला उनके

क़र्ज़ नहीं रखता बल्कि उन्हें इस दुनिया में भी नवाज़ता है और आख़रत में भी नवाज़ता है। इस ज़माने में अल्लाह तआला ने दीन की इशाअत के लिए आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के गुलाम-ए-सादिक़ को भेजा है और आप के मानने वालों के ज़िम्मा भी यह ज़िम्मेदारी लगाई है कि इशाअत-ए-दीन के लिए, इस्लाम का पैग़ाम दुनिया में फैलाने के लिए, दुनिया को ख़ुदा-ए वाहिद के हुज़ूर झुकाने के लिए अपना फ़र्ज़ अदा करें और अगर वह ख़ालिस हो कर ऐसा करेंगे तो अल्लाह तआला के फ़ज़्लों और इनामों के वारिस ठहरेंगे। एक रिवायत में आता है, आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि नमाज़, रोज़ा और अल्लाह तआला का वर्णन करना अल्लाह तआला के रास्ते में ख़र्च किए गए माल को सात सौ गुना बढ़ा देता है। (सुंन अबी दाऊद, किताब अल्-जिहाद, बाब فی تضعیف الذ کر فی سبیل اللہ عزوجل,हदीस 2498) अर्थात माली क़ुर्बानियां जो तुम करते हो उनके साथ ये चीज़ें भी ज़रूरी हैं। अतः इस हदीस में एक हक़ीक़ी मोमिन का नक़्शा खींच दिया गया है कि एक मोमिन को यही नहीं समझना चाहिए कि सिर्फ माली क़ुर्बानी करके फिर अल्लाह तआला को वह कहे कि मैंने तो इतनी माली क़ुर्बानी की और अपने फ़रमान के मुताबिक़ मुझे अब सात सौ गुना बढ़ा कर दे। नहीं। बल्कि इसके साथ अपनी इबादतों के मयार भी बुलंद करने होंगे, अपने नफ़्स की हालत को भी बेहतर करना होगा। अल्लाह तआला के वर्णन से अपनी ज़बानों को भी तर रखना होगा। व्यर्थ की बातों से परहेज़ करना होगा और ख़ालिस हो कर सिर्फ और सिर्फ अल्लाह तआला की रज़ा की ख़ातिर माली क़ुर्बानी भी करनी होगी फिर अल्लाह तआला इस तरह नवाज़ता है कि कई दफ़ा इन्सान हैरान रह जाता है।

बसा-औक़ात अल्लाह तआला हमारे थोड़े से अम्लों को भी क़बूल फ़रमाते हुए इस तरह नवाज़ता है कि हैरत होती है। यह अल्लाह तआला की ख़ास रहमत है कि इस तरह नवाज़े और इससे फिर अल्लाह तआला की ज़ात पर ईमान बढ़ता है। इस की बातों पर यक़ीन पहले से बढ़ जाता है। लेकिन यह बहरहाल इन्सान की कोशिश होनी चाहिए कि सिर्फ इस बात पर ख़ुश न हो जाए कि मैंने इतनी क़ुर्बानी की है और बाक़ी अमल नहीं भी हैं तो ज़रूर अल्लाह तआला मुझे इनामात से नवाज़ेगा। अतः माली क़ुर्बानी करने वालों को अपनी रुहानी हालतों की तरफ़ भी नज़र रखने की बहुत ज़रूरत है तभी अल्लाह तआला के इनामों के हक़ीक़ी वारिस ठहरेंगे।

अल्लाह तआला हमेशा हक़ीक़ी मोमिनों को नवाज़ता रहा है। इस की बेशुमार मिसालें जमाअत में मौजूद हैं। पहलों की मिसालें सिर्फ हम नहीं देते। पहलों की मिसालें भी हैं कि किस तरह उनको यक़ीन होता था कि अल्लाह तआला नवाज़ेगा और मौजूदा ज़माने की मिसालें भी हैं।

पुराने ज़माने में, पहलों की मिसालों में हज़रत राबिया बसरी का एक वाक़िया वर्णन हुआ है। क्या तवक्कुल था उनका एक दफ़ा घर में बैठी हुई थीं कि बीस मेहमान आ गए और घर में सिर्फ दो रोटियाँ थीं। उन्होंने मुलाज़िमा को कहा कि ये दो रोटियाँ भी जा कर किसी ग़रीब को दे आओ। अल्लाह तआला पर तवक्कुल का भी एक अजीब अंदाज़ है। मुलाज़िमा बड़ी परेशान हुई और उसने ख़्याल किया कि ये नेक लोग भी अजीब बेवक़ूफ़ होते हैं। घर मेहमान आए हुए हैं, जो थोड़ी बहुत रोटी है ये कहती हैं कि ग़रीबों में बांट आओ। अभी वह सोच रही थी, जाने लगी थी या दे आई थी तो थोड़ी देर के बाद बाहर से आवाज़ आई और एक औरत आई। किसी अमीर औरत ने उसे भेजा था। वह अठारह रोटियाँ लेकर आई थी। हज़रत राबिया बसरी ने उसे वापस कर दीं कि ये मेरी नहीं हैं। इस मुलाज़िमा ने फिर कहा कि आप रख लें। हज़रत राबिया बस्री ने कहा कि नहीं। उसने बड़ा ज़ोर दिया कि अल्लाह तआला ने भेजी हैं। उन्होंने कहा नहीं ये मेरी नहीं हैं। इस मुलाज़िमा ने फिर कहा कि रख लें। बहरहाल थोड़ी देर बाद हमसाई जो अमीर औरत थी उसने अपनी मुलाज़िमा को आवाज़ दी कि तुम कहाँ चली गई हो। राबिया बस्री के हाँ तो बीस रोटियाँ लेकर जानी थीं। ये उनकी नहीं हैं, ये तो मैंने किसी और को भेजी थीं। राबिया बस्री कहती हैं कि मैंने जो दो रोटियाँ भेजी थीं तो अल्लाह तआला से सौदा किया था कि वह दस गुना कर के मुझे भेज देगा।

तो दो के बदले में बीस आनी चाहिए थीं। हज़रत ख़लीफ़ा अव्वल रज़ियल्लाहु अन्हु ने यह वाक़िया बयान किया और कुरान-ए-करीम की मुख़्तलिफ़ आयात का हवाला भी आपने दिया। हवाला देते हुए आप रज़ियल्लाहु अन्हो ने फ़रमाया कि बाअज़ मुक़ाम पर एक के बदले में दस और बाअज़ में एक के बदले में सात सौ का वर्णन है और ईः बदला नेकी के अवसर और महल के मुताबिक़ है। अर्थात नेकी किस अवसर पर किस तरह की जा रही है और कितनी क़ुर्बानी की जा रही है। क़ुर्बानी करने वाला किस हद तक क़ुर्बानी कर रहा है। हज़रत ख़लीफ़ा अव्वल रज़ियल्लाहु अन्हु ने जैसा कि मैंने कहा हज़रत राबिया बस्री रज़ियल्लाहु अन्हा का यह वाक़िया बयान किया और फ़रमाया कि अल्लाह तआला इस तरह नवाज़ता है लेकिन तुम लोग अल्लाह तआला का इमतेहान लेने की नीयत से हर वक़त यह न करते रहो।

(उद्धरित हक़ाकुल फ़ुरकान, भाग प्रथम, पृष्ठ : 420-421) यह नहीं कि अल्लाह तआला का इमतेहान लेने की नीयत से यह करना शुरू कर दो। हाँ अल्लाह तआला के लिए ख़ालिस हो कर कभी इस तरह क़ुर्बानी करोगे तो अल्लाह तआला नवाज़ेगा भी। अतः जो लोग अल्लाह तआला के दीन की ख़ातिर देते हैं और अल्लाह तआला की रज़ा हासिल करने के लिए देते हैं वह हक़ीक़ी क़ुर्बानी करने वाले हैं। हज़रत राबिया बसरी की मिसाल जबकि ज़ाती मेहमानों की लगती है लेकिन उनके पास भी लोग दीन की ग़रज़ के लिए आते थे। बहरहाल आज दीनी अग़राज़ की तकमील के लिए अल्लाह तआला ने आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के गुलाम-ए-सादिक़ को भेजा है और आप के ज़रीया आज दुनिया में तब्लीग़ इस्लाम और ख़िदमत इन्सानियत का काम हो रहा है।

अल्लाह तआला के फ़ज़्ल से जमाअत हर साल कई मिलियन पाऊंडज़ इशाअत-ए-लिटरेचर में, मसाजिद के निर्माण में, मिशन हाऊसज़ की तामीर में और दूसरे मन्सूबों पर ख़र्च करती है। यूरोप और तरक़्क़ी याफताह देशों की अक्सर रक़म अफ़्रीक़ा और भारत और दूसरे ग़रीब मुल्कों में ख़र्च होती है। अपने मुल्कों के अख़राजात के इलावा जो ये लोग अपने मुल्कों में इन मक़ासिद के लिए ख़र्च कर रहे हैं और जितनी वुसअत अब कामों में हो चुकी है ये अल्लाह तआला का ख़ास फ़ज़्ल है कि लोगों जमाअत क़ुर्बानियों में बढ़ते हुए इन अख़राजात को भी बावजूद आर्थिक हालात के ख़राब होने के पूरा करते हैं और फिर अल्लाह तआला आज भी उनको अपने सुलूक के नज़्ज़ारे दिखाता है कि किस तरह वह इन क़ुर्बानी करने वालों को नवाज़ता है।

ग़रीब मुल्कों में रहने वालों को भी और अमीर मुल्कों में रहने वालों को भी, हर एक को अपने अपने तजुर्बात होते हैं जो अपनी ज़रूरियात को क़ुर्बान करके अल्लाह तआला की राह में क़ुर्बानियां करते हैं। इस वक़्त में चंद वाक़ियात भी पेश कर देता हूँ जिनसे पता चलता है कि किस तरह अल्लाह तआला इन क़ुर्बानी करने वालों से सुलूक फ़रमाता है और मख़लसीन भी किस जज़्बे के साथ अपनी क़ुर्बानियां पेश करते हैं।

नौ मुबाइन, जिनको अहमदी हुए, इस्लाम स्वीकार किए, थोड़ा अरसा हुआ है उनमें भी माली क़ुर्बानी की तरफ़ ख़ुद बख़ुद तवज्जा पैदा हो रही है और इसलिए कि उनको इस माली क़ुर्बानी की रूह की समझ आ गई है।

लाइबेरिया से लोकल मुअल्लिम मुहम्मद जॉनसन हैं। यह पहले ईसाई थे, मुस्लमान हुए, मुअल्लिम बने। कहते हैं हमारी कोनटी में कुछ माह पूर्व एक गांव में तब्लीग़ी कोशिश के नतीजा में जमाअत का पौधा लगा और इस गांव के लोगों ने इमाम समेत जमाअत में शमूलियत इख़्तेयार कर ली। यह एक छोटा सा गांव है और वहां कोई बाक़ायदा सड़क भी नहीं जाती। बारिशों की वजह से वहां पहुंचना भी मुश्किल था। तहरीक-ए-जदीद के चंदे की वसूली के सिलसिला में कहते हैं कि इस गांव को हम ने ख़ुद जान-बूझ कर नज़रअंदाज कर दिया कि अगले वर्ष इनको तहरीक करेंगे और तहरीक-ए-जदीद में शामिल करेंगे। एक तो यह बिल्कुल नए अहमदी थे, रास्ता भी दुशवार था, गांव भी छोटा सा था। कहते हैं एक दिन गांव के अबूकाई (bokai) साहिब अचानक टब-मैनबर्ग मिशन हाऊस पहुंच गए और आते ही कुछ पैसे दिए कि जमाअत के इक्कीस लोगों का तहरीक-ए-जदीद का चंदा है। जब उनसे पूछा कि आपको कैसे पता चला? आपको तो तहरीक नहीं की गई थी तो उन्होंने बताया कि मैं रेडियो पर जमाअत के प्रोग्राम बाक़ायदा सुनता हूँ और पिछले हफ़्ता जब आपने रेडियो प्रोग्राम में तहरीक-ए-जदीद का परिचय करवाया और उसकी एहमीयत वर्णन की तो मैंने यह बात अपनी जमाअत के सामने रखी। इस पर लोगों ने यह चंदा दिया तो इस तरह ख़ुद ब ख़ुद अल्लाह तआला उनके दिलों में

इर्शाद हज़रत अमीरुल मोमिनीन

"अपनी इबादतों को भी विशेष करें और दुनिया को भी इस्लाम की वास्तविक शिक्षा से अवगत कराएं।"

(ख़ुत्बा जुम्अः 17 मई 2019)

तालिबे दुआ
KHALEEL AHMAD

S/O LATE HAJI BASHEER AHMAD SB AND FAMILY, JAMAAT AHMADIYYA BIJUPURA, SAHARANPUR (U.P)

डालता है, एहसास पैदा कर रहा है, क़ुर्बानी की रूह पैदा कर रहा है।

गेम्बया के अमीर साहिब ने लिखा है कि एक गांव में तहरीक-ए-जदीद के हवाले से तहरीक की गई। समस्त लोग नौ-मुबाइन हैं। एक सत्तावन वर्ष बूढ़ी औरत सिस्टर खातून ने दो डलासी (dalasi) निकाल कर चंदा में अदा कर दिया। यह वहां की करंसी है। ख़ातून कहने लगीं कि यह वाहिद रास्ता है जिससे कोई भी सच्चे इस्लाम अहमदियत के पैग़ाम को फैला सकता है जैसा कि हुज़ूर अकरम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के ज़माने में हुआ करता था। उसने कहा कि यह आख़िरी रक़म थी जो उसने अपने ख़ानदान के लिए खाना ख़रीदने के लिए रखी हुई थी। यह नहीं कि वो अमीर औरत थी। दो सौ डलासी रक़म दी और कहा कि इसलिए दे रही हूँ कि इस्लाम की तब्लीग़ करने के लिए इस रक़म की ज़रूरत है। मैं अपनी भूख क़ुर्बान करती हूँ और यह रक़म दे रही हूँ। कहते हैं अभी ये बातें हो रही थीं कि उनका बेटा जो स्विटज़रलैंड में है, उसका फ़ोन आया और उसने बताया कि उसने बारह हज़ार दो सौ डलासी भेजे हैं। इस पर इस ख़ातून ने मजमा में रोते हुए ऐलान किया कि अल्लाह तआला ने किस तरह हम पर फ़ज़ल किया है। कहने लगी कि अब में और ज़्यादा चंदा अदा करूँगी। वहां मौजूद लोग भी हैरान थे। छः माह से ज़्यादा अरसा हो गया था बेटा सम्पर्क नहीं कर रहा था, माँ को पूछ नहीं रहा था। माँ का माली लिहाज़ से बुरा हाल था लेकिन इसी अवसर पर ऐसा हुआ। अल्लाह तआला ने ऐसे सामान पैदा फ़रमाए कि फ़ोन आया और साथ ही रक़म आई। इस पर वाक़ई लोगों पर-असर हुआ कि अहमदियत हक़ीक़ी इस्लाम है और सबने यह अह्द किया कि हम मरते दम तक अहमदी रहेंगे।

तनज़ानिया के उत्तर पश्चिम में गेटा (geita) रीजन की एक जमाअत है। वहां के मुअल्लिम ने लिखा कि अब्दुल्लाह साहिब एक ख़ादिम हैं। चंद माह क़बल उन्होंने बैअत की थी। एक दिन उन्होंने ख़ुतबा जुमा में चंदा तहरीक-ए-जदीद के बारे में सुना। उन्हें इलम हुआ कि यह चंदा की वसूली का आख़िरी महीना है और हर अहमदी को जो कुछ भी तौफ़ीक़ रखता है उसको बरकत की ख़ातिर इस में शामिल होना चाहिए। अब्दुल्लाह साहिब के पास कोई रक़म नहीं थी। उन्होंने वादा किया कि अगले दिन शाम तक वह ज़रूर कुछ न कुछ रक़म चंदा तहरीक-ए-जदीद में अदा कर देंगे। अगले दिन वह काम की तलाश में निकले। एक शख़्स को ज़मीन की काशत करने के लिए आदमी की ज़रूरत थी और अब्दुल्लाह साहिब को उन्होंने काम दे दिया और उन्होंने सारा दिन बड़ी मेहनत से जो भी काम ज़िम्मा लगाया था वह शायद आम हालात में दो दिन में मुकम्मल करते लेकिन उन्होंने शाम तक मुकम्मल कर लिया और जो रक़म मिली वह लेकर चंदा तहरीक-ए-जदीद अदा करने के लिए पहुंच गए। यह वाक़िया सुना कर ख़ुद ही कहने लगे कि अल्लाह तआला ने मेरी नियत में बरकत रखी और महिज़ अपने फ़ज़ल से माली क़ुर्बानी की तौफ़ीक़ अता फ़रमाई। यह एहसास भी साथ पैदा हो जाता है।

आस्ट्रेलिया के क़रीब सोलोमन आईलैंड एक जज़ीरा है। आस्ट्रेलिया के मुरब्बी साहिब लिखते हैं कि सोलोमन आईलैंड के दौरे के दौरान तर्बीयती और तब्लीग़ी, इंतेज़ामी प्रोग्रामों के इलावा तहरीक-ए-जदीद के इख़तेताम की निसबत से अहबाब को चंदे की तहरीक की गई, तवज्जा दिलाई गई तो वहां एक महिला हैं। उनके पति ग़ैर मुस्लिम हैं। दोनों पोल्ट्रीफार्म चलाते हैं। सैक्रेटरी तहरीक-ए-जदीद जब उनके घर गए चंदा की याददहानी के लिए गए तो घर पर नहीं थीं। उनके बच्चों ने जो थोड़ी बहुत रक़म उनके पास थी वह अदा कर दी। ख़ातून वापस जब घर आएं तो बच्चों ने बताया कि इस तरह सैक्रेटरी तहरीक-ए-जदीद आए थे। वह तुरंत सैक्रेटरी के घर गईं और एक हज़ार डालर चंदा तहरीक-ए-जदीद में अदा कर दिया जिस पर सैक्रेटरी साहिब ने उन्हें कहा कि मैंने तो सब दोस्तों से चंदा वसूल कर लिया। लिस्ट तैयार कर के दे आया हूँ तो अगले साल मैं यह चंदा डाल लेते हैं। उन्होंने कहा नहीं! मैंने अपने ख़ुदा से यह वादा किया था कि इस साल इतना देना है तो यह इसी साल में शुमार करें। इसलिए उनके कहने पर दुबारा नई लिस्ट तैयार की गई और रातों रात उसकी सूचना मर्कज़ को दी।

फिर अल्लाह तआला किस तरह कई गुना बढ़ा कर देता है इस के भी नज़्ज़ारे नज़र आते हैं।

गिनी कनाकरी के मुबल्लिग़ लिखते हैं। यहां एक जगह काफ़ीलिया (kafilya) है। मिशनरी ने वहां ख़ुतबा में तहरीक-ए-जदीद के हवाले से तवज्जा दिलाई। फिर इन्फेरादी तौर पर घरों का भी दौरा किया। एक नौजवान मुहम्मद सुलह (sylla) साहिब मिले और उन्हें चंदा की अदायगी की तरफ़ तवज्जा दिलाई जिस पर उन्होंने उसी वक़्त अपनी जेब से दस हज़ार गिनी फ्राँक (guinean franc) निकाल कर तहरीक-ए-जदीद की मद में अदा कर दिए और साथ ही कहा कि यह मेरे पास मौजूद थी जिस से मैंने दोपहर और रात का खाना ख़रीदना था लेकिन मैं आज अल्लाह और इस की रज़ा की ख़ातिर भूखा रह लूँगा और इस वाक़िया के चार दिन बाद इस नौजवान का मिशनरी को फ़ोन आया कि अल्लाह तआला ने मेरी क़ुर्बानी क़बूल कर ली है। कहते हैं मैंने एक mining कंपनी में ड्राईवर की जॉब के लिए इंटरव्यू दिया हुआ था और यहां अल्लाह के फ़ज़ल से मुझे साढ़े पाँच मिलियन गिनी फ्राँक माहाना तनख़्वाह पर पाँच साल का contract मिल गया है। इस तरह अल्लाह तआला ने कई हज़ार गुना बढ़ा कर मुझे अता फ़रमाया। साल का चंदा तो उन्होंने दस हज़ार दिया था लेकिन इज़ाफ़ा जो साल में हुआ वह सात सौ गुना से बढ़ा कर छः हज़ार छः सौ गुना है। अल्लाह तआला कहता है मैं चाहता हूँ तू इस से बढ़ा कर भी दे देता हूँ तो यहां इस से भी बढ़ा कर देने का नज़ारा है।

फिर नाईजेरिया की सदर लजना लिखती हैं। अल्लाह के फ़ज़ल से लजनाइमा इल्लाह नाईजेरिया की पहली 3 रोज़ा नैशनल तर्बीयती क्लास के इनइक़ाद का अवसर मिला। बहुत सारी महिलाओं ने शिरकत की। इस में उमूमी तौर पर तहरीक-ए-जदीद के हवाले से भी तवज्जा दिलाई गई कि साल ख़त्म होने में कुछ अरसा रहता है। वादा अदा करने की कोशिश करें जितनी जल्दी कर सकती हैं। लेकिन कहती हैं उसी वक़्त लजना ने चंदा पेश करना शुरू कर दिया। उनको कहा भी कि अभी तो सिर्फ तहरीक थी, वक़्त है अभी। उन्हों ने कहा नहीं हम अभी देंगी। उनकी देखा देखी दूसरी ख़वातीन भी आगे आईं। उन्होंने माली क़ुर्बानी पेश की और एक बड़ी रक़म जमा हो गई।

अल्लाह तआला के फ़ज़ल से दुनिया में तक़रीबन हर जगह लजना अपनी संख्या के लिहाज़ से अपना हिस्सा चंदों में अदा करती है और किसी से पीछे नहीं है। कुछ मुल्कों में तो बाअज़ दफ़ा ख़ुद्दाम और अंसार को तवज्जा दिलानी पड़ती है कि लजना क़ुर्बानी में बढ़ गई है। आप लोग भी इस के मुताबिक़ अदा करें।

सेंट पीटरज़ बर्ग रशिया के मुबल्लिग़ लिखते हैं कि अरसान बैक साहिब का ताल्लुक़ रशिया की एक रियासत से है। पिछले साल मैं ने तहरीक-ए-जदीद के नए साल का जो ऐलान किया था तो अरसान साहिब ने कहा कि वह तहरीक-ए-जदीद में एक रूबल (rouble) की क़ुर्बानी पेश करते हैं और उन्होंने पिछले साल की थी। अब उन्होंने कहा इस साल मैं दस हज़ार रूबल का वादा करता हूँ और फिर अपने बिज़नस के बारे में कहा कि वह शुरू करने वाले हैं। तो बहरहाल उन्होंने जुलाई में अपना दस हज़ार रूबल का वादा मुकम्मल कर दिया। रशिया के हालात भी यूक्रेन जंग की वजह से तंग हैं और रूबल की क़ीमत भी काफ़ी गिर गई है लेकिन उन्होंने यह पूरा किया। तो यह कुल दस हज़ार रूबल जो एक सौ अठहत्तर यूरो बनते हैं लेकिन वहां के हालात के मुताबिक़ यह उनके लिए बहुत बड़ी रक़म थी। उन्होंने यह अदा करने के बाद कहा कि मैं पाँच सौ रूबल चंदा इसके इलावा देता रहूँगा और रोज़ाना पाँच सौ रूबल अदा करते रहे कि अल्लाह तआला के फ़ज़ल से मेरे बिज़नस में ऐसी बरकत पड़ी है कि बावजूद हालात ख़राब होने के मुझे बहुत आमद हो रही है। इसके बाद उन्होंने उसे एक हज़ार रूबल कर दिया और यह भी रोज़ाना अदा कर रहे हैं।

कैमरोन का शुमाली शहर है मर्वा (maroua) वहां के मुअल्लिम लिखते हैं। यह भी ग़रीबों के ईमान में पुख़्तगी और चंदा की बरकात का एक वाक़िया है। अब्दुल्लाह साहिब नौ मुबाइन हैं, बिल्कुल ग़रीब आदमी हैं। कहते हैं पिछले साल तहरीक-ए-जदीद के लिए आधी बाल्टी अर्थात पाँच किलो मकई का बतौर चंदा उन्होंने तहरीक-ए-जदीद में दिया और कहते हैं इस की वजह से मुझे अल्लाह तआला ने पाँच बोरियां अता फरमाई। तीन सौ पच्चास किलो। सत्तर गुना इज़ाफ़ा हुआ। इस साल कहते हैं बड़ा परेशान था। खाद महंगी हो गई थी। क़ीमतें बढ़ गईं। मैं ख़रीद नहीं सकता था। मुझे फ़िक्र हुई कि यह न हो कि फ़सल अच्छी न हो। बहरहाल कहते हैं मैं ने थोड़ी बहुत मेहनत की जो मेहनत कर सकता था। अल्लाह तआला ने ऐसी बरकत डाली कि इस साल उनकी इस से दोगुनी फ़सल निकली और तहरीक-ए-जदीद में भी

हदीस नब्वी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम

खड़े होकर नमाज़ पढ़ो और यदि खड़े होकर संभव न हो तो बैठ कर और यदि बैठ कर भी संभव न हो तो पीठ के बल लेट कर ही सही।

तालिबे दुआ

Sohail Ahmad Nasir and Family

Jamaat Ahmadiyya Adra,Dist: Puruliya. West Bengal

उन्होंने सत्तर किलो की बोरी चंदा तहरीक-ए-जदीद अदा किया। कहते हैं कि मैं अपनी फ़ैमिली को भी बताता हूँ कि तहरीक-ए-जदीद के चंदे की बरकत से ख़ुदा तआला मेरी मेहनत और फ़सल में बरकत डालता है।

गेम्बया के अमीर साहिब लिखते हैं। छोटे-छोटे वाक़ियात हैं लेकिन ग़रीब अहमदी के लिए बहुत अहम हैं। एक गांव से ताल्लुक़ रखने वाले एक दोस्त पाथे सीसे जिन्होंने 2014 ई. में बैअत की थी उन्होंने बताया कि मैं जमाअत में शामिल होने से पहले बेरोज़गार था। कई मर्तबा नौकरी हासिल करने की कोशिश की लेकिन बेसूद रहा। कहते हैं जब से जमाअत में शामिल हुआ हूँ चंदा जात और दीगर जमाअती कामों वग़ैरा में, तब्लीग़ इत्यादि में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेता हूँ। इसलिए अब वह दो जगह नौकरी कर रहे हैं। कहाँ बेरोज़गारी थी और रहना भी मुश्किल था, घर नहीं था। अब उन्होंने पुख़्ता घर भी बना लिया है। लोग कहते हैं कि जमाअत ने उनकी मदद की। वह उत्तर में यह कहते हैं कि यह जमाअत ने मदद नहीं की अल्लाह तआला ने चंदे की बरकत से मेरी मदद की है।

इंडोनेशिया के अमीर साहिब लिखते हैं कि एक अहमदी हैं। उनकी फ़ैक्ट्री है। हालात ठीक नहीं चल रहे थे। तहरीक-ए-जदीद के बारे में जब पिछले साल बाअज़ वाक़ियात का वर्णन किया और नए साल का मैं ने ऐलान किया तो बड़ा अच्छा असर उन पर हुआ, बड़ा गहरा असर हुआ। उन्होंने फ़ौरन तहरीक-ए-जदीद के लिए पिछले साल की निसबत दोगुना वादा लिखवा दिया और फ़ौरन उस वादे को पूरा भी कर दिया। इस के एक हफ़्ता बाद ही अल्लाह तआला ने उनको नवाज़ा और उनकी सेल में इज़ाफ़ा होना शुरू हुआ। इस तरह एक कंपनी ने जिनके साथ पहले बिज़नस बंद था वह वापिस आगई और बड़ी ख़रीदारी की पेशकश की। इस साल कहते हैं कि मेरी कंपनी की आमदनी पिछले सालों से कई गुना बढ़ गई।

जर्मनी से मुबल्लिग़ फ़र्हाद साहिब लिखते हैं कि वेज़ बादिन (wiesbaden) की एक ख़ातून को नौकरी से फ़ारिग़ कर दिया गया। आमद भी रुक गई। पति को बुलाना था, स्पांसर नहीं कर सकती थीं। परेशानी का इज़हार अपने भाई से किया तो उसने कहा कि अच्छा अब यही ईलाज है कि दुआ करो और चंदा दो। माली क़ुर्बानी करो। उन्होंने अपना ज़ेवर बेच के चंदा अदा कर दिया। चार दिन के बाद काम वालों का पैग़ाम आ गया कि मुस्तक़िल काम आप को दिया जाता है और तनख़्वाह भी दो हज़ार यूरो होगी जिससे वह अपने पति को स्पांसर भी कर सकती थीं।

इंडिया से वकीलुल माल साहिब कहते हैं कि यहां एक साहिब हैं, जो तहरीक-ए-जदीद की माली क़ुर्बानी में बड़े पेश-पेश हैं। उन्हें बजट में इज़ाफ़ा की तहरीक की तो कहने लगे कितना इज़ाफ़ा करूँ? उनसे कहा कि अपने वसायल के मुताबिक़ जो आप कर सकते हैं कर दें लेकिन उनका मुबल्लिग़ को या मर्कज़ी नुमाइंदे को इसरार था कि आप बताएं तो नुमाइंदे ने कह दिया कि अच्छा दस लाख रुपय का इज़ाफ़ा कर दें। वह पहले पाँच लाख रुपय दे चुके थे। इसलिए उन्होंने इज़ाफ़ा कर दिया और अदायगी भी कर दी। कहते हैं कि मेरा एक मकान था जिसकी रजिस्ट्री नहीं हो रही थी और बड़ा भारी नुक़्सान पहुंचने का ख़्याल था लेकिन इज़ाफ़ा करने के चंद दिन बाद ही फसा हुआ यह काम भी हो गया और अल्लाह तआला ने नुक़्सान पूरा कर दिया। तो अल्लाह तआला न अमीरों से उधार रखता है न ग़रीबों से।

हर एक को उसके मुताबिक़ नवाज़ता है। इंडिया से ही वकीलुल माल साहिब लिखते हैं कि कश्मीर के एक डाक्टर प्रोफ़ैसर साहिब हैं। वह कश्मीर यूनीवर्सिटी में प्रोफ़ैसर हैं। वादाजात की अदायगी कर दी थी इसके बाद उन्होंने बताया कि मुझे तरक़्क़ी दे के मैं professor-cum- chief scientist बना दिया गया है और ग़ैरमामूली इज़ाफ़ा मेरी तनख़्वाह में भी हो गया है। इस पर उन्होंने अपने तहरीक-ए-जदीद के चंदे में भी इज़ाफ़ा कर दिया।

मारीशस की महिला कहती हैं पिछले साल रिश्तेदारों के तहरीक-ए-जदीद के हवाले से कुछ वाक़ियात सुनने के बाद मेरे पति ने मुझे कहा कि ऐसी रक़म वादा करना चाहिए जिसकी अदायगी क़दरे मुश्किल हो। इसलिए पचहत्तर 75 हज़ार रुपया जो मारीशस रुपया है इसका वादा लिखवा दिया। कहती हैं कि उस वक़्त मेरे शौहर एक मैडीकल कंपनी में काम करते थे। पिछले तीन सालों में तनख़्वाह में मामूली इज़ाफ़ा हुआ था लेकिन जब उन्होंने वादा लिखवाया तो एक प्राईवेट हस्पताल में जॉब ऑफ़र हो गई। इन्ही दिनों में शौहर ने अपनी माता को एक हज़ार तोहफ़ा भी दिया था। तो मुलाज़मत के लिए इंटरव्यू देना था। शौहर ने बताया कि एहसास हो रहा था कि यह इंटरव्यू जहां है वहां मुझे जॉब भी मिल जाएगा और रक़म जो मुझे तनख़्वाह में मिलेगी वह उस के क़रीब क़रीब होगी जो मैंने क़ुर्बानी की है। इसलिए इंटरव्यू हुआ, उनको रख लिया और छहतर 76 हज़ार रुपय तनख़्वाह की पेशकश उन्हें हुई। वादा पचहत्तर 75 हज़ार का था। कहते हैं एक हज़ार जो मेरी वालिदा का था वह भी अल्लाह तआला ने मुझे लौटा दिया।

बंगलादेश के मुबल्लिग़ लिखते हैं कि यहां एक साहिब को कोरोना वबा के दौरान काफ़ी नुक़्सान हुआ। चंदों का अच्छा-ख़ासा बक़ाया हो गया। तहरीक-ए-जदीद इत्यादि के चंदे के बारे में याददेहानी करवाई गई तो अपनी पत्नी की जमा पूँजी में से साढ़े ग्यारह हज़ार टिका (taka) अदा कर दिया लेकिन अभी भी आधा बक़ाया था। बहरहाल कहते हैं इस माह के आख़िर में पत्नी ने सूचना भेजी कि आकर बक़ाया चंदा ले जाएं। जब हमारी टीम वहां पहुंची तो वादा शूदा चंदों से तीन गुना ज़्यादा चंदा अदा किया और लाज़िमी चंदों का बक़ाया भी अदा कर दिया और साथ ही यह ख़ुशख़बरी भी सुनाई कि एक देरीना ज़रूरत ख़ुदा ने हाल ही में पूरी कर दी है। बड़ी देर से वह मकान के लिए एक क़ता ज़मीन ढूंढ रहे थे। जब से उन्होंने चंदे अदा करने शुरू किए हैं ख़ुदा ने एजाज़ी रंग में मकान बनाने के लिए एक प्लाट ख़रीदने की तौफ़ीक़ दे दी। आमदन भी बढ़ गई, चंदे भी अदा कर दिए और अल्लाह तआला ने जायदाद बनाने की तौफ़ीक़ भी दे दी।

बुर्कीना फासो से एक दोस्त हैं। टीचर हैं। कहते हैं गाड़ी ख़रीदने की तौफ़ीक़ मिली तो उनके बाक़ी टीचरों ने कहा कि टीचर तो हम भी हैं, हम तो यह ख़रीद नहीं सकते। निसंदेह जमाअत ने मदद की होगी। कहते हैं मैंने कहा जमाअत ने मदद नहीं की। यह अल्लाह तआला ने मेरे माल में चंदों की वजह से बरकत डाल दी। कहते हैं तालिब-ए-इलमी के ज़माना से ही मुझे चंदा देने की आदत है और अल्लाह तआला हमेशा मुझे नवाज़ता रहता है।

जर्मनी की जमाअत ब्रूक (osnabrück) के एक साहिब हैं। वह लिखते हैं तहरीक-ए-जदीद के हवाले से एक इजलास रखा गया। कहते हैं पाँच सौ यूरो में इज़ाफ़ी अदा करने के लिए लाया तो उनको कहा गया कि रसीद बुक ख़त्म है। कहते हैं मैं वापस चला गया और अपने लेबर को देना था, जिन से काम करवाते थे उनको अदा कर दिए। तो रात को ख़ाब में उन्होंने मुझे देखा। कहते हैं कि मुझे आप कह रहे हैं। अर्थात उस शख़्स को मैं कह रहा हूँ कि मुझे पाँच हज़ार यूरोज़ चाहिऐं। कहते हैं मैं समझ गया इस से मुराद तहरीक-ए-जदीद का चंदा है। बेगम को ख़ाब सुनाई उसने कहा कि तहरीक-ए-जदीद में पाँच हज़ार यूरो अदा करेंगे और कहते हैं इस से कुछ ही अरसा बाद कोरोना हेल्प् में मेरे एकाऊंट में बाईस हज़ार से ज़्यादा रक़म आ गई जिसका वहम-ओ-गुमान भी नहीं था।

कैनेडा से एक लजना वर्णन करती हैं माली तंगी का सामना था। बड़ी परेशान थी कि अपना वादा किस तरह पूरा करूँगी। बड़ी फ़िक्र भी थी, दुआ भी कर रही थी। मेरी नीयत बड़ी नेक थी। आसार बज़ाहिर नज़र नहीं आ रहे थे। बहुत दुआएं कीं। फिर क्या हुआ, कहती हैं एक रात मेरी बेटी अपना बर्थ सर्टीफ़िकेट ढूंढ रही थी कि एक पुराना पर्स उसको मिल गया। कहती हैं आठ साल पहले अमरीका गए थे तो मैंने अमरीका जाने से कुछ अरसा पहले वहां ख़र्च के लिए कोई रक़म रखी हुई थी इस में से कुछ बच गई थी वह मैंने वहां डाल के रख दी थी और मुझे भूल गया था और जो रक़म निकाली तो वह ऐन इतनी रक़म थी जितना चंदा अदा करना था। तो अल्लाह तआला इस तरह भी मदद फ़रमाता है।

गिनी कनाकरी के सदर साहिब लिखते हैं एक ग़रीब अहमदी महिला हैं। मामूली चीज़ें फ़रोख़्त करके अपना गुज़र बसर करती हैं। अशरा तहरीक-ए-जदीद के दौरान जब उनके घर पहुंचे और उन ख़ातून को भी तहरीक-ए-जदीद के चंदा की अदायगी की तरफ़ तवज्जा दिलाई तो ख़ुद कहने लगीं कि अब इस छोटे से ज़रीया आमदनी की वजह से बहुत परेशान हूँ। कारोबार मैं ने उधार लेकर शुरू किया था। आमदन न होने के बराबर है। उधार भी नहीं अदा कर सकती। बहरहाल समझाया गया और दुआ के लिए भी कहा गया तो इस औरत ने बीस हज़ार फ्राँक ग़नी जो कुल रक़म उनके पास मौजूद थी चंदा में दे दी। वह ग़रीब ख़ातून जो कि हालात से लड़ रही थी उसके लिए यह बहुत बड़ी रक़म थी। कुछ दिनों बाद जब हमारे मिशनरी दुबारा किसी काम के सिलसिला में इस महिला से मिलने गए। जब इस से मिले तो इस ख़ातून ने जज़बात से भरी आवाज़ में ख़ुशी से कहा कि अल्लाह तआला ने मेरे सारे मसायल हल कर दिए हैं। मेरा मामूली कारोबार बहुत अच्छा चल पड़ा है। मेरा क़र्ज़ा भी उतर गया है और यह सब इस माली क़ुर्बानी की वजह है।

तातारस्तान रशिया के एक दोस्त अबराहेमोफ़ (farid ibrahimov) हैं। कहते हैं पिछले साल मौसिम-ए-गर्मा में मेरे फ़ोन के साथ कुछ अजीब मुआमला हुआ। कहते हैं मेरे बैंक के ऑनलाइन एकाऊंट में अपने मुसाफ़िरों से रक़म वसूल करने के बाद माली अतायत के बारे में जो ख़लीफ़ा वक़्त का ख़ुतबा है वह ख़ुद बख़ुद मेरे स्मार्टफोन पर लग गया। कहते हैं ऐसा एक-बार नहीं हुआ बल्कि जब भी कोई बड़ी रक़म मेरे एकाऊंट में मुंतक़िल होती तो ऐसा कुछ न कुछ वाक़िया हो जाता। मैं समझ

गया कि अल्लाह तआला अपनी हस्ती का सबूत देते हुए मुझे याददेहानी करवा रहा है। यह मेरे लिए एक बहुत बड़े एज़ाज़ की बात है कि मैं हज़रत मसीह मौऊद आकी जमाअत में शामिल हो कर माली क़ुर्बानी की तौफ़ीक़ पा रहा हूँ। तो ऐसा होता है कि ख़ुद बख़ुद ख़ुतबा लग गया या कोई पैग़ाम आ जाता है उनके फ़ोन पर जिससे उनको चंदे की तहरीक पैदा होती है।

फिर तनज़ानिया की एक मुख़लिस महिला हैं, कहती हैं कि जलसा से वापसी पर उनको ख़्याल आया कि चंदा तहरीक-ए-जदीद का बक़ाया है। कोई रस्ता नज़र नहीं आ रहा था। एक शख़्स ने उनसे क़र्ज़ लिया हुआ था। उम्मीद थी कि वह वापिस कर देगा तो चंदा अदा कर देंगी लेकिन वह जवाब नहीं दे रहा था। फ़ोन भी नहीं उठाता था। बीमार थीं, दवाई इत्यादि के अख़राजात भी रोज़ बरोज़ बढ़ते जा रहे थे। बड़ी परेशान थीं। बच्चों की स्कूल फ़ीस की भी फ़िक्र थी। अपने बच्चों से कहा कि दुआ करो और कहती हैं कि इसी दौरान में अज़ान की आवाज़ आई तो बच्चे ने कहा कि नमाज़ पर चलते हैं और ख़ुदा से मांगते हैं। अल्लाह तआला इस तरह बच्चों के ईमान भी मज़बूत करता है कि हमारे पास पैसे नहीं हैं तो हो सकता है कि अल्लाह तआला हमारी दुआ सुन ले और इस के दिल में डाले और वह शख़्स पैसे वापस कर दे। इसलिए माँ बेटे ने वुज़ू कर के नमाज़ में अल्लाह तआला के हुज़ूर इल्तिजा की। अल्लाह तआला का करना ऐसा हुआ कि नमाज़ ख़त्म करने से पहले ही फ़ोन की घंटी बजना शुरू हो गई। यह उस शख़्स का फ़ोन था जिसने क़र्ज़ लिया हुआ था। इस शख़्स ने कहा कि मैं दरवाज़े के बाहर खड़ा हूँ और तुम्हारे पैसे वापस करने आया हूँ। इस शख़्स ने बताया कि मैं बस स्टॉप पर खड़ा वैगन का इंतेज़ार कर रहा था कि अज़ान की आवाज़ सुनाई दी और साथ ही मुझे ऐसे लगा जैसे कोई आवाज़ मुझे कह रही है कि पहले क़र्ज़ की रक़म वापस कर दो। इसलिए में पैसे वापस करने आ गया। इस औरत और बच्चे ने यह सारा वाक़िया सुना तो दिल अल्लाह तआला की हमद से भर गया। उन्होंने कहा कि अल्लाह तआला का शुक्र है। बच्चे ने कहा देखा हमने नमाज़ पढ़ी तो हमें पैसे भी मिल गए और फिर उन्होंने अपनी ज़रूरीयात पूरी कीं।

सेंट पीटरज़ बर्ग के एक साहिब इकराम जान साहिब हैं। वह कहते हैं कि मैं हमेशा अपनी माली ख़ुशहाली की दुआ करता हूँ ताकि ज़रूरतमंद लोगों की मदद कर सकूं और खासतौर पर अपने चंदा जात की अदायगी कर सकूं और यह हमेशा अजीब तरीक़ से रौनुमा होता है। कहते हैं पिछली मर्तबा मेरे पास तीन हज़ार रूबलज़ कम थे जबकि चंदा की अदायगी का आख़िरी दिन था। काम के दौरान मेरे पास अचानक दो लोग आए जिनमें से एक ने मुझे हज़ार और दूसरे ने दो हज़ार रूबल दिए और इस से पहले मेरे साथ ऐसा कभी नहीं हुआ क्योंकि काम से तीन सौ से पाँच सौ रूबल मिलते थे। अब मैं अपनी ज़ायद आमदनी अल्लाह तआला की राह में दे देता हूँ।

